# R.R.P.G. COLLEGE, AMETHI

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 04

(वर्ष 2022-23 की वार्षिक एवं विशेष शिविर आख्या)

—वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी—

डॉ० पवन कुमार पाण्डेय

डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,

अयोध्या (उ०प्र०)

# राष्ट्रीय सेवा योजना रिपोर्ट

# सामान्य कार्यक्रम योजना – सत्र 2022–23

## आर०आर०पी०जी० कालेज, अमेठी

ईकाई संख्या–04 कार्यक्रमाधिकारी–डॉ० पवन कुमार पाण्डेय चयनित ग्राम –पूरे पुलैनी

| क्र0 | दिनांक | छात्र सं0 | कार्य के घंटे | कार्य स्थल | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27.05.2022 | 100 | 2 | अमेठी नगर | सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत रैली |
| 2 | 29.05.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी एवं शपथ |
| 3 | 31.05.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सुरक्षित यातायात सुरक्षित जीवन पर निबन्ध प्रतियोगिता |
| 4 | 05.06.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | पर्यावरण दिवस |
| 5 | 21.06.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | योग दिवस |
| 6 | 05.07.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | वृक्षारोपण |
| 7 | 01.08.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | विश्व स्तन पान संगोष्ठी |
| 8 | 06.08.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | निबन्ध प्रतियोगिता |
| 9 | 09.08.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | काकोरी एक्शन के कार्यक्रम |
| 10 | 14.08.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | विभाजन विभीषिका पर संगोष्ठी |
| 11 | 17.08.2022 | 100 | 2 | अमेठी नगर | नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण |
| 12 | 24.09.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस |
| 13 | 27.09.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | नाली सफाई |
| 14 | 28.09.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | मद्यपान निषेध पर चर्चा |
| 15 | 28.09.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सरदार भगत सिंह की जयन्ती पर विचार संगोष्ठी |
| 16 | 01.10.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | स्वच्छता जागरूकता रैली |
| 17 | 02.10.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | महात्मा गांधी की अन्त्योदय की अवधारणा पर वाद–विवाद प्रतियोगिता |
| 18 | 05.10.2022 | 100 | 8 | चयनित गाँव | वृक्ष रोपण हेतु थाला का निर्माण |
| 19 | 10.10.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम |
| 20 | 12.10.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | सड़क मरम्मत |
| 21 | 14.10.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | सफाई अभियान |
| 22 | 16.10.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | दीवाल स्लोगन लेखन |
| 23 | 20.10.2022 | 100 | 2 | अमेठी नगर | स्वच्छ भारत अभियान–2, सिंगल यूज प्लास्टिक का निस्तीकरण |
| 24 | 23.10.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | मलिन बस्ती सफाई |
| 25 | 28.10.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम |
| 26 | 31.10.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सरदार बल्लभ भाई पटेल पर संगोष्ठी (एकता दिवस) |
| 27 | 01.11.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम |
| 28 | 02.11.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | नाला खुदाई |
| 29 | 09.11.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | डेंगू बुखार के लक्षण एवं बचाव जागरूकता रैली |
| 30 | 11.11.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | एड्स जागरूकता कार्यक्रम |
| 31 | 14.11.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | पं० जवाहर लाल नेहरू जन्म दिवस संगोष्ठी |
| 32 | 26.11.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | संविधान दिवस |
| 33 | 28.11.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस पर संगोष्ठी |
| 34 | 01.12.2022 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी |
| 35 | 03.12.2022 | 100 | 4 | चयनित गाँव | सड़क निर्माण |
| 36 | 07.12.2022 | 100 | 6 | चयनित गाँव | मलिन बस्ती सफाई |
| 37 | 10.12.2022 | 100 | 2 | चयनित गाँव | सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता रैली |
| 38 | 12.01.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | युवा दिवस |
| 39 | 14.01.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | युवाओं के बीच नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम |
| 40 | 16.01.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता |
| 41 | 20.01.2023 | 100 | 4 | चयनित गाँव | सड़क मरम्मत |
| 42 | 22.01.2023 | 100 | 4 | चयनित गाँव | कुओं की सफाई |
| 43 | 23.01.2023 | 100 | 4 | अमेठी नगर | सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला |
| 44 | 25.01.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | मतदाता जागरूकता दिवस |

प्राचार्य
रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अमेठी (उ०प्र०)

कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
आर०आर०पी०जी०कालेज, अमेठी

# डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फ़ैज़ाबाद

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक आख्या प्रेषण

वर्ष 2022-2023

वार्षिक आख्या की अवधि- 27.05.2022 से 25.01.2023 तक

महाविद्यालय का नाम- आर० आर० पी० जी० कालेज अमेठी

पता - अमेठी रोड, अमेठी जिला- अमेठी पिन कोड नं. 227405

प्राचार्य/प्राचार्या का नाम- प्रो० पी० के० श्रीवास्तव मोबाइल नं. 9412494577

कार्यक्रमाधिकारी का नाम- डॉ पवन कुमार पाण्डेय नियुक्ति तिथि 19.05.2022

मोबाइल नं. - 9918761757

प्रशिक्षित/अप्रशिक्षित - ........ (प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

रा. से. यो. इकाई नं० 04 छात्र संख्या- 150

1. सम्मानित किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नाम तथा सम्मानित करने की तिथि
   X
2. सम्बन्धित विषय पर आयोजित वार्ता का विवरण
   1. तिथि- 28.09.2022
   2. विषय- मद्यपान निषेध पर चर्चा
3. ग्राम प्रधान का नाम एवं मोबाइल नं. कुसुमा देवी 9919600144
4. अधिग्रहीत ग्राम/मलिन बस्ती का नाम तथा पूरा पता पूरे गुलती नि० भ० भैदुआ
5. ध्वजारोहण की तिथि 24.09.2022
6. प्रदर्शनी आयोजन की तिथि तथा स्थल X
7. स्कूल चलो आंदोलन के अन्तर्गत पंजीकृत कराए गए बच्चों की संख्या
   पुरुष- 09 महिला- 12 योग- 21
8. शिक्षा बंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत पहचान किए गए निरक्षरों की संख्या
   पुरुष- 17 महिला- 30 योग- 47
9. साक्षर किए गए व्यक्तियों की संख्या
   पुरुष- 11 महिला- 24 योग- 35
10. सफाई किए गए कुओं/सम्पर्क मार्ग/तालाब/गलियों/नालियों की संख्या
    कुएं- 01 तालाब- 02 नालियाँ- 05
    सम्पर्क मार्ग- 03 गलियाँ- 03
11. स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अन्य सम्पन्न कार्यक्रम का विवरण
    ग्राम सभा में सफाई अभियान ( रैली जागरूकता अभियान
12. स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण जन जागरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पन्न कार्यों का विवरण:-
    1. परिवार कल्याण के अन्तर्गत जागरूक किए गए व्यक्तियों की संख्या- पु० 13 म० 09 योग 22
    2. स्वास्थ्य शिक्षा से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 16 म० 22 योग 38
    3. स्वास्थ्य परीक्षण से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 08 म० 12 योग 20
    4. प्रतिरोधक टीकों से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 15 म० 13 योग 28
    5. औषधि वितरण से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 13 म० 11 योग 24
    6. एड्स शिक्षा / जागरूकता से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 06 म० 07 योग 13

13. रक्तदान शिविरों के आयोजन की तिथि- X

1. रक्तदान के लिए प्रेरित व्यक्तियों की संख्या X

2. रक्त परीक्षण कराए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या X

3. रक्तदाताओं की वास्तविक संख्या : पुरुष X महिला ........ योग ........

14. पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन का विषय एवं तिथि- 1.11.2022. एड्स जागरूकता रैली (28.10.2...

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 2 महिला 40 योग 42

15. निबन्ध प्रतियोगिता आयोजन का विषय एवं तिथि- महात्मा गाँधी की देन अहिंसा 02-10-22

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 10 महिला 60 योग 70

16. वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय एवं तिथि- मतदाता जागरूकता - 25-01-2023

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 40 महिला 44 योग 84

17. पर्यावरण संवर्द्धन कार्यक्रम :-

1. वृक्षारोपण हेतु खोदे गए गड्ढों की संख्या 22

2. आरोपित पौधों की संख्या 20 जीवित पौधों की संख्या 19

3. विकसित किए गए पार्कों की संख्या X

18. उपर्युक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों /प्रतिभागियों की संख्या-

पुरुष- 16

महिला- 84

योग- 100

19. नेत्रदान हेतु शपथ-पत्र भरने वालों की संख्या- पुरुष X महिला X योग X

20. अन्य गतिविधियाँ (शीर्षक सहित)- पुरुष X महिला X योग X

21. सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षणों की संख्या- X X X

22. आकस्मिकताओं के दौरान समाज सेवा के कार्यक्रम ........

लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या पुरुष X महिला X योग X

23. मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की संख्या :-

गोष्ठी 05 रैली 06 प्रतियोगिताएँ 06

नये मतदाता हेतु पूरित फार्म VI की संख्या 126

24. नियमित कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पादित कुल घंटे :- 124

25. नियमित कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्णित पूर्णतया नयी उपलब्धि:- X

प्राचार्य
रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
प्राचार्य का नाम एवं हस्ताक्षर

डॉ. पवन कुमार पाण्डेय
कार्यक्रम अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर
राष्ट्रीय सेवा योजना

नोट- आवश्यक फोटोग्राफ/समाचार पत्रों की कटिंग आदि संलग्न करें। साथ ही सामान्य विशेष कार्यक्रमों के सम्बन्ध में सम्पन्न गतिविधियों की एक रिपोर्ट (आलेख रूप में) भी संलग्न करें। जिससे समस्त जानकारी इस कार्यालय को प्राप्त हो सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य कार्यक्रम योजना सत्र 2022-2023

## आर0आर0पी0जी0 कॉलेज अमेठी

## चयनित ग्राम- पूरे गुलेरी, इकाई- 04

**वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी-**

डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय

### दिनांक 27.05.2022, सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत रैली

दिनांक 27.05.2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय एवं प्राचार्य के निर्देशन में स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा अमेठी नगर में सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर राजर्षि तिराहा होते हुए कोतवाली, बस स्टेशन, अम्बेडकर चौराहा, जी0जी0आई0सी0 अमेठी होते हुए महाविद्यालय आकर समाप्त हुई।



एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

अमेठी। [illegible]



रैली निकालकर यातायात नियमों की दी जानकारी

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम, कलेक्ट्रेट में डीएम ने हरी झंडी दिखा रवाना की रैली

[illegible]



आरआरपीजी कालेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

[illegible]



# छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी। परिवहन विभाग की ओर से संचालित सड़क सुरक्षा जागरुकता माह के तहत शनिवार को आरआरपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं एनसीसी कैडेटों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

एनसीसी के लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एआरटीओ प्रशासन सर्वेश सिंह ने कैडेट्स को समाज एवं अपने परिवार के लोगों को सड़क पर चलते समय सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने गति सीमा में वाहन चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव, डॉ. राधेश्याम तिवारी, डॉ. ओपी त्रिपाठी, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह, अनादि कुमार मिश्र, डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह तथा डॉ. दिलीप सिंह आदि ने भी संबोधित किया। लोगों ने यातायात नियमों के पालन की शपथ ली।

वहीं शहर के देवीपाटन स्थित रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पूनम सिंह के निर्देशन में रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पूजा सिंह और डॉ. सुधा अग्रहरी की अगुवाई में छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने छात्राओं को यातायात नियमों का अनुपालन करने की जानकारी देते हुए शपथ भी दिलाई। (संवाद)



# छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

जागरूकता

अमेठी, संवाददाता। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया। वाहनों की गति सीमित रखने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभात फेरी के दौरान छात्राओं ने लोगों को बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर अपनी व परिवार की सुरक्षा हम स्वयं कर सकते हैं। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटस ने लेफ्टिनेन्ट डा. उमेश सिंह के निर्देशन में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें एआरटीओ प्रशासन सर्वेश सिंह ने ट्रैफिक नियमों के पालन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कैडेटस को समाज एवं अपने परिवार के लोगों को सड़क पर चलते समय सुरक्षित यातायात हेतु जागरूकता फैलाने की बात कही।

सड़क सुरक्षा के तहत प्रभात फेरी निकालती आरआरपीजी कालेज की छात्राएं

## दिनांक 29.05.2022, सड़क सुरक्षा जागरुकता संगोष्ठी एवं शपथ

दिनांक 29.05.2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा ट्रैफिक नियमों के पालन एवं महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 अनूप कुमार सिंह द्वारा सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु विभिन्न सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया।

## दिनांक 31.05.2022, सुरक्षित यातायात, सुरक्षित जीवन पर निबन्ध प्रतियोगिता

दिनांक 31.05.2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के कक्ष संख्या- 25 में सुरक्षित यातायात, सुरक्षित जीवन विषय पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान शशांक, द्वितीय स्थान ज्योति गुप्ता एवं तृतीय स्थान प्रिया मौर्या को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने सभी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## दिनांक 05.06.2022, पर्यावरण दिवस

दिनांक 05.06.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता एवं दिन प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दे का हल कैसे निकालना है? पर स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं के साथ-साथ ग्रामवासियों को जागरूक किया एवं चयनित गाँव में पौधरोपड़ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय पर्यावरण के बिना जीवन सम्भव नहीं है पर विस्तृत प्रकाश डाला साथ ही साथ साक्षी जायसवाल, आँचल गुप्ता के साथ छात्र/छात्राएँ चयनित गाँव के ग्रामवासियों को घर-घर जाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

## दिनांक 21.06.2022, योग दिवस

दिनांक 21.06.2022 को महाविद्यालय परिसर में योग दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों/स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भाग लिया।

## दिनांक 05.07.2022, वृक्षारोपड़ एवं युवा वन महोत्सव

दिनांक 05.07.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में वृक्षारोपड़ एवं युवा वन महोत्सव कार्यक्रम पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों/स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। चयनित गाँव में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपड़ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनूप कुमार सिंह ने भी वृक्षारोपड़ करके पौधों को सिंचित किया।

## दिनांक 06.08.2022, निबन्ध प्रतियोगिता

दिनांक 06.08.2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के कक्ष संख्या 27 में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''महात्मा गाँधी के विचारों की प्रासंगिकता'' विषय पर किया गया। जिसमें प्रथम स्थान उत्कर्ष, द्वितीय स्थान सिद्धान्त तिवारी एवं तृतीय स्थान अनीश को मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## दिनांक 07.08.2022, विश्व स्तनपान संगोष्ठी

दिनांक 07.08.2022 को महाविद्यालय में स्तनपान जागरुकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों/स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि स्तनपान प्रत्येक नवजात शिशु के लिए अमृत तुल्य होता है। माँ का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार माना जाता है। बच्चे के पोषण के लिए आवश्यक सभी चीजें इसमें समाहित होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय एवं डॉ0 मनीषा सिंह ने स्तनपान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनूप कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 आशा गुप्ता, डॉ0 नीतू सिंह, सुश्री वन्दना भट्ट सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिनांक 08.08.2022, काकोरी ट्रेन एक्शन डे कार्यक्रम

दिनांक 08 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में काकोरी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो0 राम सुन्दर यादव ने कहा कि क्रान्तिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आन्दोलन को गति देने के लिए धन की तत्काल व्यवस्था हेतु शाहजहाँपुर में हुई बैठक के दौरान राम प्रसाद विस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की योजना बनाई थी। 09 अगस्त 1925 को लखनऊ जिले के काकोरी स्टेशन से छूटी आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन को चेन खींच कर रोका गया और क्रान्तिकारियों ने सरकारी खजाना लूट लिया। इस घटना को अन्जाम देने हेतु मुख्य रूप से राम प्रसाद विस्मिल, असफाक उल्ला खां, चन्द्रशेखर आजाद, ठाकुर रोशन सिंह, राजेन्द्र नाथ लाहिणी सहित अन्य क्रान्तिकारियों को कम से कम 04 वर्ष से लेकर अधिकतम काला पानी तक का दण्ड दिया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित प्रो0 राधेश्याम तिवारी, प्रो0 राधेश्याम सरोज ने काकोरी कांड पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 सुधीर सिंह ने बताया कि इस घटना में क्रान्तिकारियों द्वारा जर्मनी के माउजर का प्रयोग किया जिसकी मारक

क्षमता उन दिनों अधिक होती थी जो आज के ए0के0 47 राइफल की तरह चर्चित हुआ करती थी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 मनीषा सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 सुधीर सिंह एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। सभी के प्रति आभार प्रो0 लाजो पाण्डेय ने व्यक्त किया।

## दिनांक 14.08.2022, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी

दिनांक 14 अगस्त 2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो0 राम सुन्दर यादव ने कहा कि देश जब आजाद हुआ, तब एक ओर जहां खुशी थी वहीं दूसरी ओर देश को बंटवारे का दंश भी झेलना पड़ा। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। संगोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने देश पर गर्व होना चाहिए तथा मातृभूमि की रक्षा करनी चाहिए। संगोष्ठी में संचालन डॉ देवेन्द्र मिश्र और सभी के प्रति आभार डॉ0 अनूप कुमार सिंह ने व्यक्त किया।

## दिनांक 17.08.2022, नशा मुक्ति भारत अभियान के अन्तर्गत शपथ ग्रहण

दिनांक 17 अगस्त 2022 को अमेठी नगर स्थित महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने प्राध्यापकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, नगरवासियों एवं छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की स्वयं नशा से दूर रहने एवं दूसरों को नशा न करने के प्रति जागरूकता की शपथ दिलायी। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय बताया कि नशा स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करती है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि जिन पौधों से ये पदार्थ/ड्रग बनाये जाते हैं उनकी अवैध खेती गम्भीर चिन्ता का विषय है। ऐसी खेती रोकने के लिए पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की भागीदारी आवश्यक रूप से अपेक्षित है।

## दिनांक 24.09.2022, राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

दिनांक 24.09.2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। प्रातः 10.00 बजे परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का झंडारोहण हुआ एवं इसी के साथ ही एन.एस.एस. 2022-2023 सत्र का प्रारंभ हुआ। झंडारोहण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा

योजना के सभी स्वयं सेवक/सेविकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने एन.एस.एस. के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं आधुनिक राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की सार्थकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 मनीषा सिंह ने स्वयंसेवक छात्रों को अनुशासित होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों का निराकरण करने की अपील की।

## दिनांक 27.09.2022, नाली सफाई

दिनांक 27.09.2022 को सभी स्वयंसेवक चयनित गाँव पूरे गुलेरी गए, जहाँ पर उन्होंने फावड़ा, झाड़ू लेकर गाँव में जगह-जगह स्थित नाली, हैण्डपम्प आदि की सफाई करके यह संकेत देने की कोशिश की कि ग्रामवासियों को अपनी नाली एवं घर की साफ-सफाई स्वयं करनी चाहिए।

## दिनांक 28.09.2022, मद्यपान निषेध पर चर्चा

दिनांक 28.09.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में 'मद्यपान निषेध' विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी, स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के साथ-साथ अधिक संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। मद्यपान से होने वाली क्षति को स्पष्ट करते हुए स्वयं सेवक इकाई- 04 ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को मद्यपान न करने का सुझाव दिया। स्वयं सेवक ने मद्यपान को अभिशाप बताया एवं सभी मद्यपान में लिप्त लोगों को मद्यपान न करने का संकल्प लेने की अपील की।

## दिनांक 29.09.2022, सरदार भगत सिंह की जयन्ती पर विचार संगोष्ठी

दिनांक 29 सितम्बर 2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सरदार भगत सिंह जी की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के प्रति जैसा जुनून भगत सिंह के मन में था, वैसी ही राष्ट्रीयता की भावना हर युवा में होनी चाहिए। हम जब भी कोई कार्य करें, राष्ट्र को पहले स्थान पर रखें। संयोजक डॉ0 सुधीर सिंह ने आभार, वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने स्वागत एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 मनीषा सिंह ने संचालन किया।

## दिनांक 01.10.2022, स्वच्छता जागरुकता रैली

दिनांक 01.10.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें गंदगी से होने वाले रोगों को अवगत कराया और उससे बचने के उपाय पर ग्रामवासियों के मध्य जाकर जागरूक किया।

## दिनांक 02.10.2022, महात्मा गाँधी की अन्तोदय की अवधारणा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिनांक 02 अक्टूबर 2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 118वीं जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता का 'गांधी जी के अन्तोदय की अवधारणा' विषय पर आयोजन किया गया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि गांधी जी का सुभाष चन्द्र बोस से वैचारिक मतभेद होते हुए भी मनभेद नहीं था। सुभाष चन्द्र बोस गांधी जी का बहुत सम्मान करते थे। उन्होंने ही सर्वप्रथम गांधी जी को राष्ट्रपिता कहकर सम्बोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवम् स्वयं सेवकों ने परिसर की सफाई की। तत्पश्चात गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## दिनांक 05.10.2022, वृक्षारोपड़ हेतु थाला का निर्माण

दिनांक 05.10.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में वृक्षारोपण हेतु थालों का निर्माण करके 06 अक्टूबर, 2022 को वृक्षारोपण किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण करने के साथ-साथ पूरे ग्राम में भ्रमण करके विभिन्न टोलियों में विभक्त हो करके ग्रामवासियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभ से परिचित कराया। वृक्षारोपण के पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से थालों में रोपित पौधों को आवश्यक खाद-पानी के माध्यम से पोषण करने एवं संरक्षित करने का निवेदन किया। सभी स्वयंसेवक वृक्षारोपण के पश्चात सूक्ष्म जलपान करके वापस लौट आए।

## दिनांक 10.10.2022, साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 10.10.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में इकाई- 04 के छात्र एवं छात्राओं द्वारा साक्षरता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रैली निकालकर ग्रामवासियों को साक्षरता के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए।

## दिनांक 12.10.2022, सड़क मरम्मत

दिनांक 12.10.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में इकाई- 04 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं खड़ंजा मार्ग पर श्रमदान कर मिट्टी डालकर मरम्मत कार्य किया गया। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया।

## दिनांक 14.10.2022, सफाई अभियान

दिनांक 14.10.2022 को वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में इकाई-04 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास साफ सफाई की गई तत्पश्चात् चयनित गाँव पिण्डोरिया में जाकर स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा गंदी नालियों की सफाई की गई और ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## दिनांक 16.10.2022, दीवाल स्लोगन लेखन

दिनांक 16.10.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा ग्राम का भ्रमण कर विभिन्न टोलियों में विभक्त होकर सामाजिक समस्याओं के प्रति दीवालों पर स्लोगन लेखन का कार्य किया गया। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक भी किया।

## दिनांक 20.10.2022, स्वच्छ भारत अभियान-2 के अन्तर्गत निकाली गयी जागरुकता रैली

दिनांक 20.10.2022 को अमेठी नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से स्वच्छ भारत अभियान-2.0 के अन्तर्गत जागरुकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर राजर्षि तिराहा, जी0जी0आई0सी0, बस स्टेशन, नगर पंचायत कार्यालय होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली के माध्यम से स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक, ई-कचरा प्रबन्धन के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 मनीषा सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण एवं अमेठी नगर में बिखरे हुए प्लास्टिक एवं कूड़े को कूड़ेदान में एकत्रित किया तथा उस कूड़े को नगर पंचायत के कूड़ेदान में रिसाइकिलिंग हेतु रख दिया तथा प्लास्टिक के प्रयोग करने से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु पोस्टर एवं नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

### निकाली रैली, एकत्र किया प्लास्टिक का कचरा

संवादसूत्र, अमेठी : रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वच्छ भारत अभियान दो के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर राजर्षि तिराहा, जीजीआईसी, बस स्टेशन, नगर पंचायत कार्यालय होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई।

रैली के माध्यम से स्वच्छता अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक, ई-कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डा. पवन कुमार पांडेय, डा. सुधीर सिंह, डा. अनूप कुमार सिंह व स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण एवं अमेठी नगर में बिखरे हुए प्लास्टिक एवं कूड़े को



शहर में कूड़ा एकत्र करते शिक्षक और छात्र ● जागरण

एकत्रित किया। इसके बाद उसे नगर पंचायत के कूड़ेदान में रिसाइकिलिंग के लिए रख दिया।

प्लास्टिक के प्रयोग करने से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु पोस्टर एवं नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय के प्रभारी आचार्य डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रो. राधेश्याम तिवारी, डा. देवेंद्र मिश्र, डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह, डा. अजय कुमार सिंह, डा. दिनेश बहादुर सिंह, डा. ज्योति सिंह सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहयोग किया।

## दिनांक 23.10.2022, मलिन बस्ती सफाई

दिनांक 23.10.2022 को वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा ग्रामवासियों से मिलकर मलिन बस्तियों के सफाई अभियान के प्रति उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी प्रात की गयी एवं सुझाव भी दिया गया। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास भी साफ-सफाई की गई।

## दिनांक 28.10.2022, मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 28.10.2022 को चयनित गाँव में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों को ''पहले मतदान-फिर कोई काम'' का संकल्प दिलाया गया। कई मतदाताओं द्वारा इस बार अवश्य मतदान करने का आश्वासन भी दिया।

## दिनांक 31.10.2022, सरदार बल्लभ भाई पटेल पर संगोष्ठी

दिनांक 31.10.2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी के महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर छात्र-छात्राओं के बीच एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## दिनांक 01.11.2022, स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 01.11.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों को तरह-तरह की होने वाली बीमारियों से अवगत कराया एवं स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया।

## दिनांक 02.11.2022, नाला खुदाई

दिनांक 02.11.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा नाला खुदाई का कार्य किया गया। जिसमें लगभग 4 घंटा का समय लगा। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया। सभी स्वयंसेवक नाला खुदाई के पश्चात सूक्ष्म जलपान करके शिविर वापस लौट आए।

## दिनांक 09.11.2022, डेंगू बुखार के लक्षण एवं बचाव जागरुकता रैली

दिनांक 09.11.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से स्वच्छ भारत अभियान- 2 के तहत चयनित गाँव पूरे गुलेरी में डेंगू महामारी से बचाव को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। स्वयं

सेवक/सेविकाओं ने पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से घर-घर जाकर ग्रामीणों को डेंगू के लक्षण एवं उपचार संबंधी जानकारी दी।

### दिनांक 11.11.2022, एड्स जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 11.11.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में जाकर स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं द्वारा एड्स जागरुकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को इस संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूक किया।

### दिनांक 14.11.2022, पंडित जवाहर लाल नेहरू जन्म दिवस संगोष्ठी

दिनांक 14 नवंबर 2022 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि नेहरू जी एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कुशल राजनेता थे। नेहरू बच्चों से बहुत स्नेह करते थे। जिसके कारण उनका जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप यादव ने जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

### दिनांक 26.11.2022, संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संविधान दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 ओ0पी0 त्रिपाठी ने कहा कि देश के हर नागरिक को संविधान के नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने संविधान के प्रति सत्य, निष्ठा और इमानदारी की शपथ दिलाई। विचार गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत मेराज खान एवं सभी के प्रति आभार अजीत उपाध्याय ने किया।

### दिनांक 28.11.2022, गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस

दिनांक 28.11.2022 को महाविद्यालय परिसर, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सिखों के नौवें गुरू तेग बहादुर जी का शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि गुरू तेग बहादुर एक क्रान्तिकारी युग पुरुष थे। हरिकृष्ण राय जी की अकाल मृत्यु के बाद इनको सिखों का नौवाँ गुरू बनाया गया। सभी के प्रति आभार वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने किया।

# कॉलेज में मनाया गया शहीद दिवस

अमेठी, संवाददाता। सोमवार को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सिखों के नौवें गुरू तेग बहादुर का शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर एक क्रान्तिकारी युग पुरूष थे। हमारी युवा पीढ़ी को गुरु के बताए रास्तों पर चलने की जरूरत है।

हरिकृष्ण राय जी की अकाल मृत्यु के बाद इनको सिखों का नौवां गुरू बनाया गया। प्रो. राम सुन्दर यादव ने कहा कि विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले गुरू तेग बहादुर का स्थान अद्वितीय है। गुरू तेग बहादुर में ईश्वरीय निष्ठा के साथ समता, करूणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुण विद्यमान थे।

# क्रांतिकारी युग पुरुष थे गुरु तेग बहादुर



आरआरपीजी कॉलेज में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर का शहीद दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें क्रांतिकारी युग पुरुष बताया।

कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर एक क्रांतिकारी युग पुरुष थे। हरिकृष्ण राय की अकाल मृत्यु के बाद इनको सिखों का नौवां गुरु बनाया गया था। प्रोफेसर राम सुंदर यादव ने कहा कि विश्व के इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांत की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले गुरु तेग बहादुर का स्थान अद्वितीय है।

कहा गुरु तेग बहादुर में ईश्वरीय निष्ठा के साथ समता, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुण विद्यमान थे। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जहां भी गए उनसे प्रेरित होकर लोगों ने न केवल नशे का त्याग किया।

## दिनांक 01.12.2022, विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी

दिनांक 01.12.2022 को महाविद्यालय परिसर, अमेठी में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि हम इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के साथ हाथ मिला सकते हैं, छू सकते हैं, साथ रह सकते हैं, खाना खा सकते हैं। इस सबसे हम सभी इस बीमारी से ग्रसित नहीं होंगे। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 मनीषा सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को एड्स के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण तथा स्वयं सेवक सेविकाएं उपस्थित रहीं।

### एड्स रोगियों से सहानुभूति और अच्छा व्यवहार करें : डीएम




अमेठी, संवाददाता। एड्स एक लाइलाज बीमारी है। जागरूकता से ही इस बीमारी से बचाव संभव है। एड्स रोगियों से सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए। यह विचार जिला अस्पताल में आयोजित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में डीएम राकेश कुमार मिश्र ने व्यक्त किया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले में जागरूकता संबंधी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के साथ काम के दौरान प्राप्त अनुभवों को डॉक्टरों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि इस बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा चुका है। लेकिन अभी भी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की जरूरत है। सीएमओ डा. शिवलेंदु शेखर ने बताया कि एचआईवी से संक्रमित होने वाला पीड़ित जीवनभर के लिए इस वायरस से ग्रसित हो जाता है। हालांकि विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचने के कुछ उपाय बताए हैं। वहीं एड्स रोगी के लिए कुछ दवाएं भी हैं। एड्स को लेकर बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। पीड़ित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद, डॉ. पीके उपाध्याय, डा. राजीव, डॉ. नीरज वर्मा, डा. पीतांबर कनौजिया सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

#### कालेज में विश्व एड्स दिवस पर हुई संगोष्ठी

अमेठी। आरआरपीजी कालेज में गुरुवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि हम इस संक्रामक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के साथ हाथ मिला सकते हैं, छू सकते हैं, साथ रह सकते हैं, खाना खा सकते हैं।

### एचआईवी पॉजिटिव मरीजों से न करें भेदभाव

#### विश्व एड्स दिवस पर जिला अस्पताल में हुई गोष्ठी, सरकारी अस्पतालों में जांच की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

गौरीगंज (अमेठी)। असैदापुर स्थित जिला अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने किया।

उन्होंने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव मरीजों के साथ भेदभाव न करें। उनके साथ समानता का व्यवहार रखते हुए उनका सम्मान करें। सीएमओ डॉ. शिलेंदु शेखर ने बताया कि अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर व तिलोई में एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र तथा सभी सीएचसी व पीएचसी पर एचआईवी जांच की निशुल्क व्यवस्था है।


जांच में पॉजिटिव मिलने पर उसका इलाज शुरू कर दिया जाता है। सीएमओ ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर एचआईवी की जांच की जाती है।

पॉजिटिव मिलने वाले मरीजों का नाम व पता गोपनीय रखा जाता है। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद, डॉ. राजीव सौरभ, डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. नीरज वर्मा व डॉ. पीतांबर कनौजिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



गौरीगंज के असैदापुर स्थित जिला अस्पताल में गोष्ठी को संबोधित करते जिलाधिकारी। संवाद

#### एड्स छुआछूत की बीमारी नहीं



अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि यह छुआछूत की बीमारी नहीं है। डॉ. वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह जानलेवा बीमारी इंसानों की गलती से ही होती है। इसलिए सावधानी ही इसका बचाव है। विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंह ने युवाओं को एड्स के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को डॉ. सुधीर कुमार सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडेय व डॉ. अनूप कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। (संवाद)

## दिनांक 03.12.2022, सड़क निर्माण

दिनांक 03.12.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में इकाई- 04 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं सड़क मार्ग पर श्रमदान के द्वारा मिट्टी डालकर निर्माण कार्य किया गया। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया गया।

## दिनांक 07.12.2022, मलिन बस्ती सफाई

दिनांक 07.12.2022 को स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा चयनित गाँव पूरे गुलेरी जाकर मलिन बस्ती की सफाई की गयी। गाँव के लोग भी कार्यक्रम से प्रभावित होकर सफाई अभियान कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के साथ सहयोग कर साफ-सफाई में रुचि दिखाई।

## दिनांक 10.12.2022, सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता रैली

दिनांक 10.12.2022 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता रैली निकाली गयी एवं ग्रामवासियों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया कि सरकार द्वारा प्रदात्त विभिन्न योजनाओं का लाभ कैसा लिया जा सकता है। उन्हें 'वित्तीय साक्षरता अभियान' के अन्तर्गत 'कैशलेश योजना' से अवगत कराया गया एवं अमेठी शहर में जाकर दूकानदार को इस योजना से ही भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने का आवाह्न किया गया।



निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

संवादसूत्र, अमेठी : रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई। प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर राजर्षि तिराहा, बस स्टेशन, अंबेडकर तिराहा, बैंक आफ बड़ौदा के सामने से होकर सरवनपुर गांव होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची।

महाविद्यालय परिसर में बच्चों सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डा. पवन कुमार पांडेय ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से सड़क दुर्घटना सबसे अधिक होती है। डा. सुधीर सिंह ने कहा कि आप समाज की युवा पीढ़ी हैं।



रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निकाली गयी सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली


## दिनांक 12.01.2023, स्वामी विवेकानन्द जन्म दिवस (युवा दिवस)

दिनांक को 12 जनवरी 2023 को नेहरू युवा केंद्र अमेठी और राष्ट्रीय सेवा योजना आर0आर0पी0जी0 कॉलेज अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर स्थित राजर्षि सभागार में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह संगोष्ठी स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सभी धर्मों का आधार गीता को माना है। अनेक ग्रंथों के अध्ययन के बाद उत्पन्न उनके अन्दर के संशय को उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने दूर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा कि शरीर स्वस्थ है तो मन भी स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्टर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन लोगों को दिखाया गया।






## स्कूलों और कालेजों में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती





## दिनांक 16.01.2023, सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता

दिनाँक 16.01.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पखवारा के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता करायी गयी, जिसका शीर्षक "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' था। राष्ट्रीय सेवा योजना के चार यूनिट के पाँच सौ स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के मध्य यह प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें 38 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता की संयोजक डॉ0 मनीषा सिंह थीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0 के0 श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करके पुरस्कार वितरित किये।

### भाषण में भावना प्रथम व आस्था ने हासिल किया द्वितीय स्थान



अमेठी : रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के पांच यूनिट के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के मध्य यह प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 38 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम भावना पांडेय, द्वितीय आस्था तिवारी व तृतीय स्थान अपूर्वा सिंह ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता की संयोजक डा. मनीषा सिंह रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. पवन कुमार पांडेय के साथ सभी कार्यक्रमाधिकारियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रमाधिकारी डा. सुधीर सिंह, डा. सीमा सिंह, डा. अनुप सिंह ने भाषण प्रतियोगिता संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर प्रतियोगिता

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में 38 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में भावना पांडेय, आस्था तिवारी व अपूर्वा सिंह क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता को कॉलेज प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव, प्रतियोगिता संयोजक डॉ. मनीषा सिंह ने संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। (संवाद)

## दिनांक 20.01.2023, सड़क मरम्मत

दिनांक 20.01.2023 को चयनित गाँव पूरे गुलेरी में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में इकाई- 04 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं खड़ंजा मार्ग पर श्रमदान कर मिट्टी डालकर सड़क का मरम्मत कार्य किया गया। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया।

## दिनांक 22.01.2023, कुओं की सफाई

दिनांक 22.01.2023 को इकाई- 04 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास साफ सफाई की गई तत्पश्चात् चयनित गाँव पूरे गुलेरी में जाकर सेवकों और सेविकाओं द्वारा गांव में स्थित सभी कुओं की सफाई की गई और स्वच्छ जल के फायदे के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## दिनांक 23.01.2023, सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला

दिनाँक 23.01.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता पखवारा के अन्तर्गत मानव श्रृंखला बनायी गयी। यह मानव श्रृंखला महाविद्यालय के गेट से एस0डी0एम0 कॉलोनी होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से बस स्टेशन तक बनायी गयी। मानव श्रृंखला के माध्यम से सड़क पर चलने वाले लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा गाड़ियों की रफ्तार धीमी रखने की सलाह दी गयी।

## दिनांक 25.01.2023, मतदाता जागरुकता दिवस

दिनांक 25.01.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें युवावों को अधिक से अधिक मतदान करने तथा समाज के अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। छात्र/छात्राओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान करते समय हमें सभी को जाति, धर्म, संप्रदाय आदि को भूलकर राष्ट्रहित में अच्छे कार्य करने वाले व्यक्ति को ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।






राष्ट्रीय से
योजना
NOT ME BU
रणवीर रणञ्जय स्नातकोत्त


सम्बद्ध-डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
संगोष्ठी
रदार बल्ल
जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस
मुख्य वक्ता
कुमार शास्त्री
.S.S.)
डेय


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
QVQP+2XV, Vijay Nagar Colony, Krishna Nagar, Alambagh, Lucknow, Uttar Pradesh 226023, India
Lat 26.787675°
Long 80.885506°
01/10/22 11:31 AM GMT +05:30


दिनांक
महाविद्यालय, अमेठी
अवधारणा








hot on OnePlus




154E
Ranveer
Ranjanay
Post Graduate
College
Google
अमेठी, उत्तर प्रदेश, भारत
5R25+WHP, R. R. P. G. COLLEGE AMETHI AN
उत्तर प्रदेश 227405, भारत
Lat 26.152634° Long 81.809117°
05/07/22 11:07 AM


शपथ
हम शपथ लेते है कि
गये नियमो का पालन करेंगे और
रहने वाले लोगो को नियमो के पालन हेतु
एवं जागरुक करेंगे।


शपथ
हम शपथ लेते है कि सड़क सुरक्षा हेतु बनाये
गये नियमो का पालन करेंगे और अपने आस-पास
रहने वाले लोगो को नियमो के पालन हेतु सजग
एवं जागरुक करेंगे।
SUPRIYA


रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी
संगोष्ठी
विषय-
मुख्य वक्ता-
दिनांक
आयोजक


रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
नेक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त संस्थान
संगोष्ठी
विषय- सरदार बल्लभ पटेल जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस
मुख्य वक्ता
(N.S.S.)

# रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाई गई पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयन्ती

आदित्य बरनवाल



**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भारत रत्न उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्य मंत्री एवं भारत सरकार में गृहमंत्री रहे पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयन्ती गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता प्रो0 राम सुन्दर यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा गोविन्द बल्लभ पंत एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत के आदर्शों, उनकी कार्य शैली एवं सहजता का अनुसरण आज समाज में हम सबको करना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो0 राम सुन्दर यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंत जी न केवल एक वकील बल्कि एक कुशल राजनेता भी थे। भारत की भाषा हिन्दी को राष्ट्र भाषा एवं जमींदारी प्रथा को खत्म करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 सुधीर सिंह ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत एक विजनरी लीडर थे जिन्होंने भारतीय नागरिकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने हेतु जमींदारी उन्मूलन जैसा महत्वपूर्ण कार्य किया। इस अवसर पर डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 मलखान सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह, डॉ0 ओम प्रकाश त्रिपाठी, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनादि कुमार मिश्र, डॉ0 विजय सिंह डॉ0 आशुतोष श्रीवास्तव आदि प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-स्वयंसेविका सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। सभी के प्रति स्वागत कार्यक्रम संयोजक डॉ0 अनूप कुमार सिंह एवम् आभार डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने व्यक्त किया।



# रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाई गई पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयन्ती

इलाहाबाद एक्सप्रेस ब्यूरो अमेठी

अमेठी (अमेठी) रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भारत रत्न उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्य मंत्री एवं भारत सरकार में गृहमंत्री रहे पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयन्ती गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता प्रो0 राम सुन्दर यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा गोविन्द बल्लभ पंत एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत के आदर्शों, उनकी कार्य शैली एवं सहजता का अनुसरण आज समाज में हम सबको करना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो0 राम सुन्दर यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंत जी न केवल एक वकील बल्कि एक कुशल राजनेता भी थे। भारत की भाषा हिन्दी को राष्ट्र भाषा एवं जमींदारी प्रथा को खत्म करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 सुधीर सिंह ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत एक विजनरी लीडर थे जिन्होंने भारतीय नागरिकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने हेतु जमींदारी उन्मूलन जैसा महत्वपूर्ण कार्य किया। इस अवसर पर डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 मलखान सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह, डॉ0 ओम प्रकाश त्रिपाठी, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 अनादि कुमार मिश्र, डॉ0 विजय सिंह डॉ0 आशुतोष श्रीवास्तव आदि प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-स्वयंसेविका सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। सभी के प्रति स्वागत कार्यक्रम संयोजक डॉ0 अनूप कुमार सिंह एवम् आभार डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने व्यक्त किया।

# मनाई गई शहीदे आजम की जयंती

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.पी.के.श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के प्रति जैसा जुनून भगत सिंह के मन में था वैसा ही राष्ट्रीयता की भावना हर युवा में होना चाहिए.हम जब भी कोई कार्य करें राष्ट्र को पहले स्थान पर रखें.डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि भगतसिंह नास्तिक एवं समाजवाद के समर्थक थे.वे उपनिवेशवाद एवं पूंजीवाद का विरोध किया। वे ऐसा आजाद भारत चाहते थे जहां किसानों एवं मजदूरों का शोषण न हो.डॉ. रणविजय सिंह ने भगतसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगतसिंह से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी के प्रति आभार गोष्ठी के संयोजक डॉ सुधीर सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह , डॉ सीमा सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे.कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉ पवन कुमार पांडेय तथा संचालन डॉ अनूप कुमार सिंह ने किया।

# भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**कार्यालय अमेठी (अखिलेश नारायण मिश्र, चीफ ब्योरो)अमेठी।**

रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई । गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के प्रति जैसा जुनून भगत सिंह के मन में था वैसा ही राष्ट्रीयता की भावना हर युवा में होना चाहिए। हम जब भी कोई कार्य करें राष्ट्र को पहले स्थान पर रखें। डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि भगतसिंह नास्तिक एवं समाजवाद



के समर्थक थे। वे उपनिवेशवाद एवं पूंजीवाद का विरोध किया। वे ऐसा आजाद भारत चाहते थे जहां किसानों एवं मजदूरों का शोषण न हो। डॉ रणविजय सिंह ने भगतसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी के प्रति आभार गोष्ठी के संयोजक डॉ सुधीर सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषाध सिंह , डॉ सीमा सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉ पवन कुमार पांडेय तथा संचालन डॉ अनूप कुमार सिंह ने किया।

# भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी



ग्राम्यवार्ता संवाददाता

**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई । गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. पी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के प्रति जैसा जुनून भगत सिंह के मन में था वैसा ही राष्ट्रीयता की भावना हर युवा में होना चाहिए। हम जब भी कोई कार्य करें राष्ट्र को पहले स्थान पर रखें। डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि भगतसिंह नास्तिक एवं समाजवाद के समर्थक थे। वे उपनिवेशवाद एवं पूंजीवाद का विरोध किया। वे ऐसा आजाद भारत चाहते थे जहां किसानों एवं मजदूरों का शोषण न हो। डॉ रणविजय सिंह ने भगतसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगतसिंह से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी के प्रति आभार गोष्ठी के संयोजक डॉ सुधीर सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह, डॉ सीमा सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉ पवन कुमार पांडेय तथा संचालन डॉ अनूप कुमार सिंह ने किया।

# आरआरपीजी में भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**अमेठी पथिक**



अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन नशा मुक्ति और शराब बहिष्कार से सम्बन्धित जागरूकता रैली निकाली। रैली में प्राचार्य प्रो. पी के श्रीवास्तव, प्रो. सुरेंद्र प्रताप यादव, डा. पवन कुमार पांडेय, डा. मनीषा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एनएसएस के छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई का कार्य किया गया। तत्पश्चात मद्यपान निषेध से सम्बन्धित एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली ग्राम सभा पिंडोरिया, रतन शिरा, भाले सुल्तान और पूरे गुलेरी में गई इस रैली के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा घर घर जाकर मद्यपान से होने वाले मानसिक, शारीरिक और आर्थिक नुकसान को बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव, प्रोफेसर सुरेंद्र प्रताप यादव, कार्यक्रमाधिकारी डॉ पवन कुमार पांडेय, डॉ मनीषा सिंह, डॉ सीमा सिंह, डॉ सुधीर सिंह महाविद्यालय के शिक्षक डॉ अतीक उर रहमान पूर्व छात्र शिवम सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

## ली निकालकर मद्यपान न करने की अपील

### नएसएस शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने किया जागरूक, चलाया स्वच्छता अभियान

ाद न्यूज एजेंसी

मेठी। आरआरपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा जना के तहत चल रहे सात दिवसीय विशेष विर के तहत स्वयंसेवकों ने बुधवार को गरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों से द्यपान न करने की अपील की। स्वच्छता भियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं ास्थ्य के प्रति सचेत किया।

शहर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर ाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के त श्रीरामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक द्यालय पिंडोरिया में सात दिवसीय आवासीय शेष शिविर चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन यह स्वयंसेवकों ने विद्यालय समेत कई ानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। विरार्थियों ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छता के त्व पर चर्चा करते हुए कहा कि अपने



अमेठी में बुधवार को जागरूकता रैली निकालते एनएसएस शिविरार्थी। -अंजय

आसपास साफ-सफाई रखने की बात कही। कहा कि अगर हमें स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता को अपनाना होगा।

दोपहर बाद स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल विद्यालय से मद्यपान निषेध को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली ग्राम पंचायत पिंडोरिया, रतन शिरा, भाले सुल्तान, पूरे गुलेरी होते हुए विद्यालय में लौट कर समाप्त हुई।

इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने घर-घर जाकर मद्यपान से होने वाले मानसिक, शारीरिक और आर्थिक नुकसान को बताया। बच्चों ने मद्यपान से स्वयं सहित परिवार को दूर रखने की सलाह दी।

रैली के पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव, प्रो. सुरेंद्र प्रताप यादव, कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. सीमा सिंह व डॉ. सुधीर सिंह ने स्वच्छता एवं मद्यपान निषेध पर बच्चों को संबोधित करते हुए इस से होने वाले फायदे एवं नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर शिक्षक डॉ. अतीकउर्रहमान, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीसरा दिवस (दिनांक 16 मार्च 2023)

दिनांक 16.03.2013 को इकाई- 04 के शिविरार्थियों ने प्रातः योग के पश्चात् एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय- ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' था। इस प्रतियोगिता में सभी शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के उपरान्त प्रतिभागियों के निबन्ध का मूल्यांकन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। मूल्यांकन के पश्चात् प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया जिनका नाम निम्नलिखित है-

1. प्रतिमा सिंह - प्रथम स्थान इकाई- 04
2. शिवानी श्रीवास्तव - द्वितीय स्थान इकाई- 04
3. नेहा - तृतीय स्थान इकाई- 04

अल्प काल-विश्राम के पश्चात् सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर चयनित ग्राम- पूरे गुलेरी में वृक्षारोपण विषय पर लिखित तख्तियों, पट्टिकाओं के साथ रैली निकाली, रैली के दौरान अधिकांश ग्रामवासी अलग-अलग स्थान पर खड़े होकर स्लोगन पढ़ रहे थे, एकत्रित ग्रामवासियों के पास जाकर शिविरार्थियों द्वारा वृक्षारोपण के महत्त्व को समझाया गया एवं वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण मे योगदान देने की अपील की गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा रोपित पौधों का अवलोकन किया गया एवं कुछ पौधों के सूखने के कारणों पर विचार किया गया। रैली से वापस आने के पश्चात् ''बेटी बचाओ-बेटी पढाओ'' विषय पर ही एक गोष्ठी आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष ने कन्या भ्रूण हत्या, और बेटी शिक्षा पर विशेष बल दिया, आपने बताया कि बेटियाँ ही ऐसी हैं जो दो परिवारों को जागरूक करने की जिम्मेदारी उठाती हैं। हमारी संस्कृति रही है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः', आज बेटियों को आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने पर भारत सरकार बहुत ही प्रयास कर रही है। गोष्ठी में प्रो0 एम0पी0 त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों की प्रथम शिक्षिका माँ होती



**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी**

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों प्रातः योग शिविर आयोजित किया गया, तत्पश्चात स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई का कार्य किया गया। उसके बाद स्वयं सेवक सेविकाओं द्वारा चयनित गांव में जाकर गंदी नालियों की सफाई की गई और ग्रामवासियों में सफाई के प्रति जागरूक किया। यह सफाई अभियान ग्राम सभा पिंडोरिया, रतन शिर, भाले सुल्तान और पूरे गुलेरी में भी किया गया। मध्यान भोजन अवकाश के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि भारत में शिक्षा का दर बढ़ने के बाद भी भ्रूण हत्या की घटनाएं कम नहीं हो रही है। प्रो एम पी त्रिपाठी, प्रो अशोक कुमार सिंह, विनोद मिश्र, विवेक कुमार सिंह, अनादि मिश्र, धर्मेंद्र वैश्य ने अपने विचार व्यक्त किए। इस गोष्ठी में सभी कार्यक्रम अधिकारी सहित अनीश, उत्कर्ष, सुरभि, शाश्वत, काशिश, पवन आदि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

है। इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि बेटियों को अच्छी शिक्षा दी जाए जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक कुशल नागरिक बना सकें इस गोष्ठी में डॉ0 कयूम खान, डॉ0 अतीक-उर रहमान, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र वैश्य, श्री विनोद मिश्र एवं श्री अनादि मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये, तत्पश्चात् कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंको को बताया गया, प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं उनकी कॉपियों को अन्य प्रतिभागियों को दिखाया गया, जिससे वे अपना मूल्यांकन उन प्रतिभागियों से कर सकें। सभी प्रतिभागियों का हमारे अतिथियों द्वारा उत्साहवर्धन किया गया और अगले प्रयास में और बेहतर करने के प्रति अभिप्रेरित भी किया गया। इस दौरान स्वयं सेवक-सेविकाओं द्वारा हमारे अतिथियों से इस गम्भीर विषय पर आधारित प्रश्न पूछे जिसका बहुत ही अच्छे ढंग से डॉ0 धनन्जय सिंह एवं प्रो0 एम0पी0 त्रिपाठी द्वारा उत्तर दिया गया। गोष्ठी के अन्त में कार्यक्रमाधिकारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया और शिविरार्थियों को बताया कि हमें हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। रात्रि के समय सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर अपना भोजन किये और रात्रि विश्राम के लिए चले गये।



बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

संवाद न्यूज एजेंसी

एनएसएस शिविर के तीसरे दिन हुए कई तरह के क्रियाकलाप

अमेठी। पिंडोरिया स्थित श्रीराम बली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन छात्रों ने साफ-सफाई के साथ गांव में जागरूकता अभियान चलाया। बृहस्पतिवार सुबह शिविरार्थियों ने योग शिविर में योग के माध्यम से निरोग रहने की जानकारी दी।

इसके बाद छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत शिविर स्थल के आसपास साफ-सफाई की। स्वयं सेवक सेविकाएं चयनित गांव पिंडोरिया, रतन शिरा, भाले सुल्तान और पूरे गुलेरी में पहुंच स्वच्छता अभियान चलाया। बच्चों ने गांव में नालियों की सफाई करने के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

दोपहर बाद स्कूल परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. धनंजय सिंह ने बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर जोर दिया। प्रो. एमपी त्रिपाठी ने बेटियों को लेकर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान दी। वहीं कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई।

प्रो. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जिस घर में बेटी नहीं होती है उस घर में रौनक नहीं आती। बेटियां घर की रौनक हैं। बेटियां एक नहीं दो-दो घरों को संवारने और बढ़ाने का कार्य करती हैं, इसलिए बेटियों का शिक्षित होना जरूरी है। गोष्ठी में विनोद मिश्र, विवेक कुमार सिंह, अनादि मिश्र, धर्मेंद्र वैश्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अनीस, उत्कर्ष, सुरभि, शाश्वत, कशिश व पवन समेत सभी शिविरार्थी मौजूद रहे।


राष्ट्रीय सेवा योजना
विशेष शिविर



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिनबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में डा. धनन्जय सिंह ने कहा कि भारत में शिक्षा का दर बढ़ने के बाद भी भ्रूण हत्या की घटनाएं कम नहीं हो रही है।

## साफ–सफाई और बेटियों की शिक्षा को लेकर किया जागरूक



पिंडोरिया गांव में सफाई करते एनएसएस के छात्र व छात्राएं • जागरण

संवादसूत्र, अमेठी : आरआरपीजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है। सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने प्रातः योग शिविर आयोजित किया।

इसके पश्चात स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई की गई। स्वयं सेवक सेविकाओं की ओर से चयनित गांव में जाकर गंदी नालियों की सफाई की गई और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। सफाई अभियान ग्राम सभा पिंडोरिया, रतन शिरा भाले सुल्तान और पूरे गुलेरी में आयोजित किया गया। मध्यान्ह भोजन अवकाश के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता डा. धनंजय सिंह ने कहा कि भारत में शिक्षा का दर बढ़ने के बाद भी भ्रूण हत्या की घटनाएं कम नहीं हो रही है।

## चौथा दिवस (दिनांक 17 मार्च 2023)

दिनांक 17.03.2023 को प्रातः दैनिक क्रिया के पश्चात् योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, योग के पश्चात् डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में शिविरार्थियों द्वारा एक रैली निकाली गयी, रैली के दौरान टोली नायकों के नेतृत्व में अनुशासित होकर सभी सदस्य व्यवस्थित रूप में ग्राम भ्रमण कर रहे थे। जिसको देखने के लिए ग्रामवासी घरों से निकलकर बहुत देर तक बाहर खड़े रहे एवं वे शिविरार्थियों के हाथों में उपलब्ध तख्तियों को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ रहे थे, इन तख्तियों पर मतदाता जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत, स्वच्छ भारत सुन्दर भारत जैसे महत्त्वपूर्ण स्लोगन लिखे थे, इन स्लोगनो तथा नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य शिविरार्थियों द्वारा बहुत ही ढंग से प्रेरित किया गया। शिविरार्थियों ने चयनित ग्राम सभा में दहेज प्रथा, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जगह-जगह नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, इस नाटक को देखने के लिए ग्रामवासियों में बहुत उत्साह दिखा। इसी के साथ गाँव में दीवालों पर स्लांगन एवं नारों को जगह-जगह पर लिखा गया जिससे ग्रामवासी और अधिक जागरूक हो सकें। अन्त में सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर शिविर स्थल पर वापस आये और अल्प विश्राम करने के पश्चात् मध्यान भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी पंक्तिबद्ध होकर लिया।

बौद्धिक सत्र के दौरान 'मतदाता जागरूकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, कार्यक्रम में डॉ0 आशीष शुक्ला ने बताया कि यह एक ऐसा गम्भीर विषय है जिसका सम्बन्ध हमारे देश के विकास और हमारी व्यवस्था से जुड़ा है। प्रायः यह देखा जाता है कि लोग मतदान में ज्यादा रुचि नहीं लेते जिससे हमारे अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो पाता है। हम लोगों का जाति, धर्म, सम्प्रदाय, मत, मजहब से ऊपर उठ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए जिससे सरकार में अच्छे लोग आ सकें और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस भाषण प्रतियोगिता में शिविरार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शिविरार्थी सुरभि सिंह ने अपने भाषण के दौरान बताया कि किसी भी देश का बहुमुखी विकास तभी सम्भव है जब उस देश में सुशासन, सुस्पष्ट नीति और भ्रष्टाचार से मुक्त हो तथा युवाओं की भूमिका ज्यादा से ज्यादा हो। इस व्यवस्था हेतु हमें सरकार चुनते समय अर्थात वोट देते समय जाति, धर्म, मजहब, सम्प्रदाय को ध्यान में न रखते हुए एक योग्य, ईमानदार और कुशल व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जिससे एक मजबूत सरकार का निर्माण हो सके और देश विकास की तरफ तेजी से अग्रसर हो सके। अन्त में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात् शिविरार्थी रात्रि भोजन किये और विश्राम करने चले गये।






GPS Map
Camera Lite
5VM6+33P, पिन्दोरिया, उत्तर प्रदेश 227408, भारत
Latitude
26.18210013°
Longitude
81.86067568°
Local 11:24:20 am
GMT 05:54:20 am
Altitude 102 मीटर
शुक्रवार, 17.03.2023


17/03/2023 11:19

# नुक्कड़ नाटक से मतदान के लिए किया जागरूक

भेटुआ। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवो में मतदाता जागरुकता रैली निकाला। स्वयं सेवक सेविकाओ ने वोट देने के प्रति जागरूक किया।

# मतदान के लिए किया जागरूक

संवादसूत्र, अमेठी : आरआरपीजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में मतदाता कर जागरुकता रैली निकाली। स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर- घर जाकर वोट देने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवारों पर मतदान संबंधी स्लोगन लिखा।

शुक्रवार को स्वयं सेवकों सेविकाओं की ओर से विद्यालय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।

मध्यान भोजन के उपरांत मतदाता जागरूकता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीएड विभाग की अध्यक्षा प्रो. लाजो पांडेय ने कहा कि मतदान एक ऐसा अधिकार है, जो हमें अपनी सरकार चुनने का अवसर देता है, अतः इसका प्रयोग करते समय हमें बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए।

गोष्ठी में प्रो. राधे श्याम प्रसाद, डा. दिनेश बहादुर सिंह, डा. भगवती धीटे, केशरी कुमार शुक्ला, अनादि मिश्र ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रमाधिकारी सहित मुस्कान, ज्योति, काजल, पवन सिद्धान्त, प्रिया, अंजली, स्वाति, आस्था, सौम्या, सिमरन, दृंस आदि ने विशेष योगदान दिया।



पिण्डोरिया गांव के नुक्कड़ नाटक करके लोगों को जागरूक करती छात्राएं • जागरण



पिण्डोरिया गांव में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं • जागरण

## पंचम दिवस (दिनांक 18 मार्च 2023)

दिनांक 18.03.2023 को चयनित ग्राम पूरे गुलेरी में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत शिविरार्थियों द्वारा पंक्तिबद्ध होकर एक रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवक स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित नारे लिखित तख्तियाँ हाथों में लिए हुए थे। स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम में पहुँचकर टूटे हुए चकमार्गों, खरंजों एवं आने-जाने वाले मार्गों के मरम्मत का कार्य किया तथा ग्रामवासियों से अपील किया कि आने-जाने वाले मार्गों को हमेशा गड्ढा मुक्त एवं साफ रखना चाहिए। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने गली, सड़क, कुएँ, हैण्डपम्प के आस-पास फैली हुई गन्दगी को झाड़ू, फावड़ा से साफ किया एवं उपस्थित ग्रामवासियों को स्वच्छता की महत्ता बताते हुए उन्हें स्वयं ही साफ-सफाई रखने हेतु प्रेरित किया। कुछ गाँव वालों ने कहा कि एक दिन सफाई से क्या होगा प्रतिदिन आकर साफ-सफाई करिए, इस पर स्वयंसेवकों ने बहुत ही सन्तोषजनक उत्तर देते हुए कहा कि- हम लोग केवल सांकेतिक रूप से साफ-सफाई कर रहे हैं। अगर आप लोगों को यह मालूम है कि प्रतिदिन साफ-सफाई होनी चाहिए इसका अर्थ है कि साफ-सफाई और स्वच्छता करना अच्छा कार्य है तो अच्छे कार्य करने के लिए हर नागरिक को तैयार रहना चाहिए। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने स्वच्छता के माध्यम से स्वस्थ वातावरण बनाकर अनेक गन्दगी जनित समस्याओं एवं बीमारियों का निदान करने हेतु ग्रामवासियों से बात भी किया।

सायंकालीन सत्र में 'पर्यावरण जागरूकता' पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिविरार्थी, ग्रामवासी एवं महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापक उपस्थित हुए, गोष्ठी में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वाले कारकों का विस्तृत वर्णन किया, उन्होंने पर्यावरण को बचाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित लोगों को मृदा संरक्षण, जल का समुचित उपयोग एवं वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की।

इसी क्रम में विशिष्ट आमन्त्रित सदस्य डॉ0 धनन्जय सिंह ने जल बचाओ आन्दोलन में स्वयं द्वारा किए गये प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि- जल संकट वर्तमान समय की सबसे विकट समस्या बनता जा है जिसको रोकने की चुनौती समाज के सामने है। उन्होंने विश्वस्तर पर होने वाले ग्लोबल वार्मिंग की तरफ भी सबका ध्यान आकर्षित किया। गोष्ठी के समापन के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण हेतु राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयंसेवकों द्वारा किये गये प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया।




PLANTED DRYING BEDS
AEROBIC STABILIZATION
REACTOR
NOT ME BUT YOU

# श्रमदान कर छात्रों ने खड़ंजा किया दुरुस्त

**अमेठी।** आरआरपीजी कॉलिज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पिंडोरिया स्थित श्रीराम बली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर के पांचवें दिन छात्रों ने पिंडोरिया, रतनशिरा, भाले सुल्तान, पूरे गुलेरी पहुंचे। यहां स्वयं सेवकों और सेविकाओं ने जर्जर चकमार्ग एवं खडंजा मार्ग पर श्रमदान कर मिट्टी डालकर मरम्मत कार्य किया। दोपहर बाद शिविर स्थल पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर कुमार सिंह, डॉ. मनीषा सिंह व डॉ. सीमा सिंह ने पोस्टरों का मूल्यांकन किया। स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उत्कर्ष, कोमल, सुरभि आदि मौजूद रहे। संवाद

## षष्ठम दिवस (दिनांक 19 मार्च 2023)

दिनांक 19.03.2023 को सभी शिविरार्थी शिविर स्थल पर एकत्रित होकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया, वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाएं जल संरक्षण, बालविवाह, मद्यपान निषेध, दहेज प्रथा, स्वच्छता जैसे ज्वलन्त समस्याओं पर पोस्टर, बैनर, तख्तियाँ लेकर चयनित ग्रामसभा में बड़े ही अनुशासित ढंग से पंक्तिबद्ध होकर रैली निकाली, इस रैली को देखने के लिए ग्रामवासी जगह-जगह पर एकत्रित हुए और पोस्टर, बैनर तथा तख्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़ रहे थे, कई स्थानों पर स्वयं सेवक सेविकाओं ने रुक कर इस ग्रामवासियों से इन गम्भीर विषयों पर बातचीत किया तथा उन्हें जागरूक करने का कार्य किया, सभी ग्रामवासी बड़े ही धैर्यपूर्वक इन बातों को सुना और आश्वस्त किया कि इन कुरीतियों को दूर करने में वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पूरे ग्राम का भ्रमण करने के पश्चात् शिविरार्थी शिविर स्थल पहुँचे और वहाँ वे मध्यान भोजन ग्रहण किये।

मध्यान भोजन के उपरान्त अल्प विश्राम किया, तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र में 'जल संरक्षणः आज की आवश्यकता' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। जिसमें सभी शिविरार्थी, कार्यक्रमाधिकारी, विशिष्टजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए। जल की महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आर0आर0पी0जी0 कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि- जल ही जीवन है बिना जल के जीवन सम्भव नहीं है, आज पेयजल की समस्या बहुत ही जटिल होती जा रही है। पेयजल इतना ज्यादा दूषित हो गया है कि उसको पीना बीमारियों को आमन्त्रण देना है।

संसार के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह जल का दुरुपयोग कम-से-कम और जल संरक्षण हेतु सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन करें। कैच द रेन अर्थात बरसात के पानी का संरक्षण किया जाय साथ ही हमारे कृषि वैज्ञानिक ऐसे फसल का आविष्कार करें जो कम से कम पानी में तैयार हो तथा उत्पादन भी बेहतर बना रहे। परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए डॉ0 आशा गुप्ता ने कहा कि- अगर हम और हमारा समाज जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं जब पीने के पानी के लिए लोग तरसेंगे, हमें जल के दुरुपयोग पर स्वयं जागरूक होना पड़ेगा तथा अपने परिवार सहित आस-पड़ोस एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करना पड़ेगा, उन्होंने ग्रामवासियों एवं शिविरार्थियों से अपील किया कि न तो हम जल का दुरुपयोग होने देंगे और न ही किसी को करने देंगे। इस परिचर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों सहित कुछ ग्रामवासी ने भी अपने विचार व्यक्त किये, सभी कार्यक्रमाधिकारियों ने भी जल संरक्षण के विषय में अपने-अपने विचार व्यक्त किये, अन्त में सभी लोगों ने खड़े होकर जल संरक्षण की शपथ ली। इस परिचर्चा के उपरान्त शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जिसे कार्यक्रमाधिकारियों सहित सभी ने बहुत सराहा। उसके पश्चात् सभी शिविरार्थी रात्रि भोजन व्यवस्था में लग गये।


NOT ME BUT YOU




NOT ME BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना


प्राथमिक विद्यालय पिण्डोरिया वि.क्षे. भेटुआ, जनपद-अमेठी उ.प्र.
17/03/2023 12:28

**अमर उजाला**

**20 मार्च 2023**

# भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र में युवाओं की सोच अहम

संवाद न्यूज एजेंसी

सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन हुए कई आयोजन

अमेठी। अगर हमारे युवा अपनी सोच को बदल लें तो देश से भ्रष्टाचार समाप्त हो सकता है। यह बात पिंडोरिया स्थित श्रीराम बली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में चल रहे शिविर के छठे दिन संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. धनंजय सिंह ने कही।

शहर के आरआरपीजी कॉलेज का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर पिंडोरिया गांव में चल रहा है। सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन रविवार सुबह शिविरार्थियों ने योग किया कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इसके बाद गांव जाकर साफ-सफाई के करने के साथ किया, सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। गांव में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक पर्व पर कम से कम एक पौधा रोपित करने की अपील की।

गांव में रविवार शिविरार्थियों के बीच बौद्धिक सत्र में भ्रष्टाचार मिटाने में युवाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है जो देश को खोखला कर रहा है। आज भी राष्ट्र में भ्रष्टाचार ने पैर पसार रखे हैं। युवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के निर्माण को लेकर आगे आना होगा। गोष्ठी में सभी यूनिट स्वयंसेवक व सेविकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद शिविरार्थियों ने कुप्रथाओं पर नाटक का मंचन एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें स्थान पाने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में मौजूद शिविरार्थियों एवं ग्रामीणों ने जल संरक्षण की शपथ ली। बौद्धिक सत्र को डॉ. भगवती शेट्टे, सतीश कुमार, विजय सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. सुशील सिंह, डॉ. सीमा सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कौशल सिंह, अमन, अमित, सूर्यप्रिंस, पवन, सिद्धान्त, प्रिया, शिवा अंजली, स्वाति, आस्था, सौम्या, सिमरन, आकृति, दिशा समेत सभी शिविरार्थी मौजूद रहे।

**दैनिक जागरण लखनऊ**

**20 मार्च 2023**

# 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवो में जाकर टूटे-फूटे चकमार्ग और खडंजा मरम्मत कार्य किया। वृक्षारोपण के साथ ही हैड पंप के आसपास साफ सफाई का भी कार्य स्वयंसेवक और सेविकाओं द्वारा किया गया। बंद पड़े कुओं को ढककर रखने की अपील की गई। मध्यान भोजन के उपरान्त 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी प्रतिभागियों ने पोस्टर बनाए और प्रत्येक यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इन पोस्टरों का मूल्यांकन किया गया तथा प्रथम 3 स्थान प्राप्त करने वालो को पुरस्कृत भी किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रामवासियो सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रमाधिकारी एवं उत्कर्ष, सुरभि, ज्योति, काजल, पवन सिद्धान्त, प्रिया, शिवा अंजली, स्वाति, आस्था, सौम्या, सिमरन, पंकज आदि ने ?विशेष योगदान दिया।

**राष्ट्रीय सहारा**

**20 मार्च 2023**

# स्वयं सेवकों ने की साफ सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर किया गया पौधारोपण



पिंडोरिया गांव में पौधारोपण करते छात्र छात्राएं • जागरण

संवादसूत्र, अमेठी : आरआरपीजी की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई की ओर से श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पांचवे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में जाकर टूटे-फूटे चकमार्ग और खडंजा मरम्मत का कार्य किया। पौधारोपण के साथ ही पुराने व नए हैंडपंप के आसपास साफ सफाई स्वयंसेवक और सेविकाओं की तरफ से किया गया। बंद पड़े कुओं को ढककर रखने की अपील की गई। मध्यान भोजन के उपरांत स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पोस्टर बनाए । प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया।

## सप्तम दिवस (दिनांक 20 मार्च 2023) समापन समारोह

शिविर के अन्तिम दिन दिनांक 20.03.2023 को नाश्ता करने के बाद सभी शिविरार्थी चयनित ग्राम पूरे गुलेरी में साक्षरता जागरूकता पर रैली हेतु पंक्तिबद्ध हुए, रैली टोली नायकों के निर्देशन में अनुशासित गाँव भ्रमण किया, रैली के समय सभी शिविरार्थी हाथों में हस्तलिखित पट्टियाँ लिए हुए थे, पट्टिकाओं पर लिखे हुए स्लोगन एवं बने हुए चित्र बहुत ही आकर्षक एवं अर्थपूर्ण थे। जिसे ग्रामवासियों द्वारा बड़ी ही उत्सुकता से पढ़ा जा रहा था। ग्रामवासियों ने चयनित ग्राम में इतने अधिक जागरूकता करने के लिए कार्यक्रमाधिकारी एवं शिविरार्थियों के प्रति बहुत ही आभार जताया और साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि आप लोगों ने हम ग्रामवासियों को जो भी बताया एवं समझाया है उसका हमलोग पालन करेंगे, तत्पश्चात् सभी चारों इकाइयों के शिविरार्थी शिविर स्थल पर समापन समारोह के लिए एकत्रित हुए। समापन समारोह में आर0आर0पी0जी0 कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 धनन्जय सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, जन्तु विज्ञान विभाग के डॉ0 मलखान सिंह, डॉ0 शिखा शुक्ला, नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक आराधना राज, समाज कार्य विभाग के डॉ0 सुधा शुक्ला, रसायन विज्ञान विभाग के डॉ0 आदित्य बहादुर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान श्री श्याम बिहारी एवं श्री राम बली सिंह, उ0मा0 विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जगदीश सिंह, महन्त विमल दास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए, समापन समारोह के प्रारम्भ में इकाई तीन से अनीस सिंह और इकाई चार से प्राची तिवारी द्वारा साप्ताहिक शिविर में संचालित गतिविधियों की आख्या प्रस्तुत की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक डॉ0 आराधना राज ने कहा कि- नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एक सिक्के के दो पहलू हैं। आज स्वच्छता और पर्यावरण बचाने में युवाओं की विशेष भूमिका है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक है। विशिष्ट अतिथि महन्त विमल दास जी ने कहा कि- ऐसे कार्यक्रमों से सेवा भाव का विकास होता है। हमें अपने संनातन संस्कृति को सहेजने की जरूरत है। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आर0आर0पी0जी0 कॉलेज अमेठी के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि- ऐसे कार्यक्रम एवं शिविर से युवाओं में नई चेतना और ऊर्जा का संचार होता है तथा सहयोग की भावना विकसित होती है जिससे समाज में सहयोग व भाईचारे की संस्कृति पनपती है। श्री रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जगदीश सिंह ने स्वच्छता एवं साक्षरता के माध्यम से राष्ट्र सेवा करने हेतु शिविरार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने हेतु स्वयंसेवकों से भ्रष्टाचार में लिप्त न होने एवं लिप्त भ्रष्टाचारियों को सामाजिक रूप से बहिष्कृत करके अपना विरोध व्यक्त करने की अपील किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में सभी

शिविरार्थियों से अपील किया कि शिविरार्थियों को शिविर एवं चयनित ग्रामों में किये गये गतिविधियों का अनुक्षरण व्यक्तिगत जीवन में करना चाहिए एवं चौबीस घंटे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु तैयार रहना चाहिए। अतिथियों के उद्‌बोधन के उपरान्त साप्ताहिक शिविर में सम्पन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले प्रतिभागी निम्नलिखित हैं-

**(अ) भाषण प्रतियोगिता-**

**1.** उत्कर्ष तिवारी **2.** सिद्धान्त तिवारी **3.** प्राची तिवारी

**(ब) निबन्ध प्रतियोगिता-**

**1.** प्रतिमा सिंह **2.** शिवानी श्रीवास्तव **3.** नेहा

**(स) पोस्टर प्रतियोगिता-**

**1.** स्वाती पाण्डेय **2.** सौम्या पाण्डेय **3.** प्राची तिवारी

**(द) सांस्कृतिक प्रतियोगिता-**

**1.** आस्था तिवारी **2.** सौम्या पाण्डेय **3.** स्वाती पाण्डेय

**4.** स्वप्निल **5.** कोमल सिंह **6.** ज्योति गुप्ता

**(य) विशेष शिविर नायक -** उत्कर्ष तिवारी

**टोली नायक -** सिद्धान्त तिवारी

समापन समारोह के अन्त में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों, शिविरार्थियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार ज्ञापित किया तथा बताया कि सभी लोगों ने शिविर में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। तत्पश्चात् सभी शिविरार्थी भावुक मन से अपने सामान की पैकिंग करके समाज निर्माण करने के उद्देश्य और जज्बे के साथ अपने-अपने घरों को वापस चले गये।


MI 9 POWER | @VDS_9991


POWER | @VDS_9991





## दैनिक जागरण लखनऊ
## 21 मार्च 2023

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए है घातक

संवदसूत्र, अमेठी : आरआरपीजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डा. आराधना राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस एक सिक्के के दो पहलू है। स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने में युवाओं की विशेष भूमिका है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे अधिक नुकसान दायक है।

विशिष्ट अतिथि महंत विमल दास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में सेवा भाव का विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि यह शिविर हमारे जीवन का सबसे अच्छा रहा।

## हिन्दुस्तान
## 21 मार्च 2023

### एनएसएस शिविर का समापन हुआ

अमेठी। आरआरपीजी कालेज अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर भाषण, निबंध, नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

एनवाईके की उपनिदेशक डॉ. आराधना राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस एक सिक्के के दो पहलू हैं। स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने में युवाओं की विशेष भूमिका है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर में हमारे युवा स्वयं सेवकों में किसी कार्य में संकोच नहीं दिखा। एनएसएस युवाओं को आपस में साथ रहने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह, डॉ. वीरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, विवेक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अमर उजाला 21 मार्च 2023

### पर्यावरण को बचाने में युवाओं की भूमिका अहम

#### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समारोहपूर्वक समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सोमवार को समारोह पूर्वक समाप्त हो गया। अंतिम दिन शिविरार्थियों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शिविर का महत्व बताया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिविरार्थियों को सम्मानित किया।

पिंडोरिया गांव स्थित श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आरआरपीजी कालेज में पंजीकृत छात्र-छात्राओं का सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा था। सोमवार को प्रथम बेला में शिविरार्थियों ने गांव में साफ-सफाई के साथ पर्यावरण व जल संरक्षण का महत्व समझाया। गांव से वापस लौटने के बाद शिविरार्थियों ने स्कूल परिसर को स्वच्छ सुंदर बनाते हुए पौध रोपित किया।

समापन समारोह में शिविरार्थी ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ कई विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शिविरार्थियों के बीच भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला व रंगोली समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए एनवाईके उपनिदेशक डॉ. आराधना राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस एक सिक्के के दो पहलू हैं। स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने में युवाओं की विशेष भूमिका है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे अधिक नुकसान दायक है। महंत विमल दास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में सेवा भाव का विकास होता है। हमें अपने सनातन संस्कृति को सहेजने की जरूरत है।

कॉलेज प्राचार्य पीके श्रीवास्तव ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा शिविर रहा। जहां युवा स्वयं सेवकों में किसी कार्य में संकोच नहीं देखा। एनएसएस युवाओं को आपस में साथ रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक जगदीश सिंह, डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह, डॉ. वीरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, विवेक कुमार सिंह ने संबोधित किया। शिविरार्थियों को परिवार व समाज के साथ देश की सेवा कर कुरीतियों व नशे से मुक्त रह अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी गई।

## आज
## 21 मार्च 2023

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ. आराधना राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस एक सिक्के के दो पहलू हैं। स्वच्छता और पर्यावरण को बचाने में युवाओं की विशेष भूमिका है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे अधिक नुकसान दायक है। विशिष्ट अतिथि महंत विमल दास जी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में सेवा भाव का विकास होता है।

पत्रांक.................................... दिनांक....................................

## विशेष शिविर आयोजन प्रमाण–पत्र

सेवा में,

समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या।

प्रमाणित किया जाता है कि इस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई......04...... का विशेष शिविर दिनांक 14.03.2023 से 20.03.2023 तक चयनित ग्राम ......पूरे गुजरी...... में आयोजित हुआ जिसमें ......50...... स्वयंसेवकों/स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

इकाई – 04

ग्राम प्रधान | कार्यक्रमाधिकारी (इकाईवार) | प्राचार्य

हस्ताक्षर

मोबाइल नम्बर 9919600144

मुहर

# राष्ट्रीय सेवा योजना

इकाई संख्या – 04

सत्र – 2022 – 23

विशेष शिविर –

14 मार्च 2023 से 20 मार्च 2023 तक

स्थान :- श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया, अमेठी

चयनित ग्राम :- पूरे गुलेरी

कार्यक्रमाधिकारी – डॉ० पवन कुमार पाण्डेय

| S.No | Name | Father's name | Code no. | Class | Categ. | 14/03/2023 | 15/03/2023 | 16/03/2023 | 17/03/2023 | 18/03/2023 | 19/03/2023 | 20/03/2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Richa | Jitendra Mishra | UP05093321308 | B.Sc Ag II | Gen | Richa | Richa | Richa | Richa | Richa | Richa | Richa |
| 2. | Shweta Pandey | Ramchandra Pandey | UP0509321310 | B.Sc Ag II | Gen | Shweta Pandey | Shweta Pandey | Shweta | Shweta | Shweta | Shweta | Shweta Pandey |
| 3. | Tanu Shrivastava | Yogendra Shrivastava | UP050932134 | B.Sc Ag II | Gen | Tanu | Tanu | Tanu | Tanu | Tanu | Tanu | Tanu |
| 4 | Aditi Yadav | Rajendra Kumar Yadav | UP050932315 | B.Sc Ag II | OBC | Aditi | Aditi | Aditi | Aditi | Aditi | Aditi | Aditi |
| 5. | Anjali Yadav | Shiv Baksh Yadav | UP05093213206 | B.Sc Ag II | OBC | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali |
| 6. | Jayati Jaiswal | Satyam Jaiswal | UP0509321321 | B.Com II | OBC | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal | Jayati Jaiswal |
| 7. | Mantsha Bano | Mohd Saleem | UP0509321329 | B.Sc Ag II | OBC | Mantsha | Mantsha | Mantsha | Mantsha | Mantsha | Mantsha | Mantsha |
| 8. | Pooja Yadav | Sanjay Yadav | UP05093213828 | B.A II | OBC | Pooja | Pooja | Pooja | Pooja | Pooja | Pooja | Pooja |
| 9. | Pratima | Satyanarayan Pal | UP050932329 | B.A II | OBC | Pratima | Pratima | Pratima | Pratima | Pratima | Pratima | Pratima |
| 10. | Sakeena Bano | Mohd Kamar | UP05093213320 | B.Sc Ag II | OBC | Sakeena | Sakeena | Sakeena | Sakeena | Sakeena | Sakeena | Sakeena |
| 11 | Vaishnavi Verma | Dinesh Kumar Verma | UP0509321339 | B.A II | OBC | Vaishnavi | Vaishnavi | Vaishnavi | Vaishnavi | Vaishnavi | Vaishnavi | Vaishnavi |
| 12 | Mayank Tiwari | Krishan Dev Tiwari | UP05093213916 | B.Sc Ag II | Gen | Mayank | Mayank | Mayank | Mayank | Mayank | Mayank | Mayank |
| 13 | Pritam Mani | Santosh Kumar | UP05093213897 | B.Sc Ag II | Gen | Pritam | Pritam | Pritam | Pritam | Pritam | Pritam | Pritam |
| 14 | Siddhant Tiwari | Arun Kumar | UP050932139 | B.Com II | Gen | Siddhant | Siddhant | Siddhant | Siddhant | Siddhant | Siddhant | Siddhant |
| 15 | Utkarsh Tiwari | Dharmendra Tiwari | UP05093213 | B.Com II | Gen | Utkarsh | Utkarsh | Utkarsh | Utkarsh | Utkarsh | Utkarsh | Utkarsh |
| 16 | Nagendra Verma | Gaya Prashad Verma | UP050932135 | B.A II | OBC | Nagendra | Nagendra | Nagendra | Nagendra | Nagendra | Nagendra | Nagendra |
| 17 | Sunil Kumar | Shiv Prashad | UP05093213561 | B.Com II | OBC | Sunil Kumar | Sunil Kumar | Sunil Kumar | Sunil Kumar | Sunil Kumar | Sunil Kumar | Sunil Kumar |
| 18 | Rahul Kumar | Rajendra Kumar | UP05093213 | B.Com II | SC | Rahul Kumar | Rahul Kumar | Rahul Kumar | Rahul Kumar | Rahul Kumar | Rahul Kumar | Rahul Kumar |
| 19 | Aparna Singh | Ajay Pratap Singh | UP0509321301 | B.A I | Gen | Aparna | Aparna | Aparna | Aparna | Aparna | Aparna | Aparna |
| 20 | Komal Mishra | Shashikant Mishra | UP05093213 | B.Sc I | Gen | Komal | Komal | Komal | Komal | Komal | Komal | Komal |
| 21 | Khushi Pandey | Pramod Pandey | UP0509321314 | B.Com I | Gen | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi |
| 22 | Mansi Singh | Rakesh Singh | UP05093213310 | B.Com I | Gen | Mansi | Mansi | Mansi | Mansi | Mansi | Mansi | Mansi |
| 23 | Prashasti Tiwari | Vipin Tiwari | UP0509321315 | B.Sc I | Gen | Prashasti | Prashasti | Prashasti | Prashasti | Prashasti | Prashasti | Prashasti |
| 24 | Pratima Singh | Om Prakash Singh | UP0509322316 | B.A I | Gen | Pratima | Pratima Singh | Pratima Singh | Pratima Singh | Pratima Singh | Pratima Singh | Pratima |
| 25 | Ruchi Tiwari | Ram Krishna Tiwari | UP0509322317 | B.A I | Gen | Ruchi | Ruchi | Ruchi | Ruchi | Ruchi | Ruchi | Ruchi |
| 26 | Roshani | Kishor Ram | UP0509322136 | B.A I | Gen | Roshani | Roshani | Roshani | Roshani | Roshani | Roshani | Roshani |
| 27 | Shivani Shrivastava | Chandra Bushan | UP050932180 | B.A I | Gen | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani |
| 28 | Saloni Kesharwani | Harishchandra Kesharwani | UP050930323 | B.A I | Gen | Saloni | Saloni | Saloni | Saloni | Saloni | Saloni | Saloni |
| 29 | Saumya Pandey | Vinod Kumar Pandey | UP0509322325 | B.A I | Gen | Saumya | Saumya | Saumya | Saumya | Saumya | Saumya | Saumya |

| S.NO | Name | Father's name | Code no | Class | Cat | 14/03/2023 | 15/03/2023 | 16/03/23 | 17/03/2023 | 18/03/23 | 19/03/23 | 20/3/23 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | Swati Pandey | Manoj Kumar Pandey | UP0509322326 | B.A I | Gen | Swati Pandey | Swati Pandey | Swati Pandey | Swati Pandey | Swati Pandey | Swati Pan | Swati |
| 31 | Anshika | Vijay Bahadur | UP0509322328 | B.A I | OBC | Anshika | Anshika | Anshika | Anshika | Anshika | Anshika | Anshika |
| 32 | Anjali | Vikramjeet | UP0509322330 | B.A I | OBC | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali | Anjali |
| 33 | Amita | Ram Sukh Gupta | UP0509322333 | B.A I | OBC | Amita | Amita | Amita | Amita | Amita | Amita | Amita |
| 34 | Vandana Yadav | Ashok Kumar Yadav | UP0509322355 | B.A I | OBC | Vandna yadav | Vandna yadav | Vandna yadav | Vandna yadav | Vandna yadav | Vandna yadav | Vandna |
| 35 | Jyoti Yadav | Rajmani Yadav | UP0509322338 | B.A I | OBC | Jyoti | Jyoti | Jyoti | Jyoti | Jyoti | Jyoti | Jyoti |
| 36 | Katyayni Yadav | Dayashankar Yadav | UP0509322339 | B.Com I | OBC | Katyayni | Katyayni | Katyayni | Katyayni | Katyayni | Katyayni | Katyayni |
| 37 | Khushi Yadav | Lalta Prashad | UP0509322390 | B.A I | OBC | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi | Khushi |
| 38 | Meena Maurya | Ghanshyam Maurya | UP0509322387 | B.A I | OBC | Meena | Meena | Meena | Meena | Meena | Meena | Meena |
| 39 | Neha Kashyap | Rajendra Prashad | UP0509322397 | B.A I | OBC | Neha Kashyap | Neha Kashyap | Neha Kashyap | Neha Kashyap | Neha Kashyap | Neha Kashyap | Neha Kashyap |
| 40 | Neha Yadav | Gaya Prashad Yadav | UP0509322393 | B.A I | OBC | Neha yadav | Neha Yadav | Neha yadav | Neha yadav | Neha yadav | Neha yadav | Neha yadav |
| 41 | Neha | Ram Lakhan | UP0509322394 | B.A I | OBC | Neha | Neha | Neha | Neha | Neha | Neha | Neha |
| 42 | Priya Yadav | Indrajeet Yadav | UP0509322375 | B.A I | OBC | Priya yadav | Priya yadav | Priya yadav | Priya yadav | Priya yadav | Priya | Priya |
| 43 | Pragati Soni | Ram Pratap | UP0509322377 | B.Sc I | OBC | Pragati Soni | Pragati Soni | Pragati Soni | Pragati Soni | Pragati Soni | Pragati Soni | Pragati |
| 44 | Saloni Jaiswal | Sheetla Prashad Jaiswal | UP0509322351 | B.Sc II | OBC | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal | Saloni Jaiswal |
| 45 | Vinita | Arjun Vishwakarma | UP0509321359 | B.A I | OBC | Vinita | Vinita | Vinita | Vinita | Vinita | Vinita | Vinita |
| 46 | Kajal | Jay Prakash | UP0509321358 | B.A I | SC | Kajal | Kajal | Kajal | Kajal | Kajal | Kajal | Kajal |
| 47 | Shivani Prajapati | Rukesh Kumar | UP0509322360 | B.A I | SC | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani | Shivani |
| 48 | Anushi Chaturvedi | Arun Chaturvedi | UP0509322303 | B.Com I | Gen | Aanushi | Aanushi | Aanushi | Aanushi | Aanushi | Aanushi | Aanushi |
| 49 | Nazia Bano | Lallu Khan | UP0509322313 | B.A I | Gen | Nazia Bano | N. Jiya Bano | Nazia Bano | Nazia Bano | Nazia Bano | Nazia Bano | Nazia Bano |
| 50 | Sanskriti Singh | Santosh Kumar Singh | UP0509321312 | B.Com I | Gen | Sanskriti | Sanskriti | Sanskriti | Sanskriti | Sanskriti | Sanskriti | Sanskriti |

विशेष शिविर हेतु वास्तविक रूप से पंजीकृत छात्रा छात्राएं शासन द्वारा रा० से० यो० में विशेष कार्यक्रम के लिए

| कुल संख्या | वर्ग | छात्र | छात्राएं | योग |
|---|---|---|---|---|
| 50 | सामान्य जाति | 4 | 18 | 22 |
| | पिछड़ी जाति | 2 | 23 | 25 |
| | अनु० जाति | 1 | 2 | 3 |
| | अनु० जन जाति | 00 | 00 | 00 |
| | कुल योग | 7 | 43 | 50 |

प्राचार्य
रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अमेठी (उ०प्र०)

कार्यक्रमाधिकारी
(डॉ० पवन कुमार पाण्डेय)
कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
आर०आर०पी०जी०कालेज, अमेठी

# रिपोर्ट–1

12 / July / 2022 अग्नीवीर योजना पर जागरूकता कार्यक्रम 18UPBN Pratapgarh एवं B.R.O.अमेठी के डायरेक्टर कर्नल शहाड़े एवं कर्नल एल श्रीनिवासन 57

दिनांक 12 / July / 2022 को आर.आर.पी.जी.कॉलेज परिसर में सेना में नई भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई थी। जानकारी देते हुए एन.सी.सी. ऑफिसर डॉ. उमेश सिंह ने बताया कि अमेठी के मेजर व अट्ठारह यूपी बटालियन प्रतापगढ़ के कर्नल श्रीनिवास अग्निपथ योजना से संबंधित जानकारी देते हुए छात्र / छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने अपील की है कि अग्निपथ योजना से संबंधित जो भी छात्र अपनी शंका का समाधान चाहते है, वो सेमिनार हाल में प्रतिभाग कर सकते है। इस कार्यक्रम से सभी छात्रों के शंकाओं का समाधान हुआ।

# <u>रिपोर्ट–2</u>

6 / Aug / 2022 NCC कैडेटों द्वारा निकाली गई हर घर तिरंगा रैली 18UPBN Pratapgarh 56 NCC Cadet +Other College Student

दिनांक 6 / Aug / 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा फहराने के अभियान को लेकर शनिवार को आर.आर.पी.जी.कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटों ने तिरंगा रैली निकालकर लोागें को जागरूक किया। एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. उमेश सिंह की अगुवाई में निकली कैडेटों की तिरंगा रैली कॉलेज परिसर से निकलकर राजर्षि तिराहा, कोतवाली तिराहा, गांधी चौक, गुड़ मंडी, सगरा तिराहा, प्रधान डाक घर तिराहा, बस स्टेशन, ब्लॉक तिराहा व रामलीला मैदान समेत अन्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान एन.सी.सी. कैडेटों ने घर–घर तिरंगा फहराएंगे आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

# <u>रिपोर्ट–3</u>

12 / Sep / 2022  रक्षा मंत्री ने कैडेटों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ 18UPBN Pratapgarh +Sri Nadvir Inter College 57 Cadets +Other Student

दिनांक 12 / Sep / 2022 नशा मुक्ति अभियान के तहत केंद्रिय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आनलाइन माध्यम से सोमवार को देश के सभी एन.सी.सी. कैडेटों और युवाओं से एक साथ संवाद किया। इस दौरान अभियान के तहत एन.सी.सी. कैडैटों और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौजूद डी.आई.ओ.एस. उदय प्रकाश मिश्र व जिला आबकारी अधिकारी आर.के. वर्मा की मौजूदगी में नशामुक्ति को लेकर शपथ दिलाई गई। रक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। यही आगे चलकर इस देश के नायक साबित होंगे। प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने एन.सी.सी. कैडेटों से आह्वाहन किया कि आप अनुशासित सिपाही की भांति अपने गांव में अपने समाज में अपने जिले में जहाँ भी रहें, नशा मुक्ति के लिए संदेश देते रहें। एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह ने बताया कि हमारे एनसीसी का कैडेट समाज के लिए अग्रदूत के रूप में नशा उन्मूलन का कार्य कर सकता है।

# <u>रिपोर्ट–4</u>

31/Oct/2022 राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ का किया गया आयोजन 18UPBN Pratapgarh 59 NCC cadet+Other Student

दिनांक 31/Oct/2022 को आर.आर.पी.जी.कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एन.सी.सी. कैडेटों और प्राचार्य जी, प्रो. पी. के. श्रीवास्तव एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह ने भाग लिया। लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह ने लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात् सभी कैडेटों और प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव के साथ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सभी छात्र–छात्राओं को सेमिनार हाल में एकत्रित कर राष्ट्रीय कर राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर संगोष्ठी में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवन एवं कार्यों पर चर्चा हुई।

# <u>रिपोर्ट–5</u>

27 / Nov / 2022 आर.आर.पी.जी.महाविद्यालय में मना NCC दिवस 18UPBN Pratapgarh 53

दिनांक 27 / Nov / 2022 रविवार को आर.आर.पी.जी. महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा एन.सी.सी. दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह ने परेड की सलामी ली और छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए एन.सी.सी. के उद्‌देश्य और कैडेटों की भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि एन.सी.सी. द्वितीय पंक्ति की सेना होती है जो आपालकाल में देश सेवा के लिए तैयार रहती है। इस अवसर पर एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। अट्‌ठारह यूपी बटालियन एन.सी.सी. के दिशा निर्देशन में एन.सी.सी. के 53 कैडेटों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और छात्र–छात्राओं को NCC दिवस पर शुभकामनाएँ दी।

# <u>रिपोर्ट–6</u>

21/June/2023 योग दिवसःगूंजा संकल्प, हर दिन करेंगे योग 18UPBN Pratapgarh 60 NCC Cadets+Other teachers and Students

दिनांक 21/June/2023 को आर.आर.पी.जी. महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें छात्र–छात्राओं के साथ सभी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। आर.आर.पी.जी. के कार्यक्रम में पूर्व केंद्रिय मंत्री डॉ. संजय सिंह वर्चुअल माध्यम से सामिल हुए और योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग हमारे लिए लाभकारी है। डॉ. संजय सिंह ने युवाओं से अपील की कि योग को प्रतिदिन अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाए और स्वस्थ रहें। तत्पश्चात् योग शिक्षक भगवती थिटे एवं एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उमेश सिंह ने योग के विभिन्न आसनों से परिचित करा उनके लाभ बताए। एन.सी.सी. कैडेटों को संबोधित करते हुए एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि योग हमारी फुर्ती एवं चुस्ती को बढ़ाता है एवं हमें कई बड़े–बड़े रोगों से मुक्त करता है और हमारे जीवन को अनुशासित, संयमित एवं नियमित रखता है।